Exam. Code: 0003
**Sub. Code: 0208**

2012

B.A./B.Sc.(General)-3rd Semester

**Hindi (Elective)**

Time allowed: 3 Hours | Max. Marks: 90

---

***नोटः— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाषा सटीक एवं स्पष्ट हो। सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।***

-*-*-*-

प्रश्न—1: (क) निम्नांकित पद्यांशों में से किन्हीं पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:—

(i) वीर न अपना देते है?
न वे और का लेते हैं।
वीरों की जननी हम है?
भिक्षा—मृत्यु हमें सम हैं।

(ii) हिमाद्रि तुंग श्रृंग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती—
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला
स्वतन्त्रता पुकारती
''अमर्त्य वीर—पुत्र हो, दृढ़—प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुण्य पन्थ है — बढ़े चलो बढ़े चलो।'' (1×8)

(ख) जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय दीजिए।

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'बन्दा—वैरागी' का सार अपने शब्दों में लिखिए। (10)

प्रश्न—2: (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की ससप्रंग व्याख्या कीजिए:—

(i) राजनीति एक दर्शन थी, मनुष्य को श्रेष्ठ और सुंदर बनाने के लिए। तुम्हारी आज की राजनीति उसी मनुष्य को बरबाद कर सिर्फ वही सत्ता और 'लग्जरी' हथियाने का शार्टकट है।

(ii) यह आपकी सरकार है। यह 'फुल' कैबिनेट 'डिसीज़न' है कि तमाम बकाया टैक्स वसूल किया जाय। मैं एक तरह से आपकी ही आज्ञा का पालन कर रहा हूँ। (5)

(ख) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के आधार पर गयादत्त के चरित्र—चित्रण पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (8)

***P.T.O.***

प्रश्न–3: निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें (शब्द सीमा–60 शब्द):–

(क) 'मिस्टर अभिमन्यु' एक द्वंद्व प्रधान नाटक है– स्पष्ट करें।

(ख) पौराणिक अभिमन्यु राजन से किस प्रकार भिन्न था?

(ग) राजन के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

(घ) सिद्धार्थ शीर्षक कविता पर उद्देश्य क्या है?

(ड.) 'वीणा वादिनी, वर दे कविता में कवि माँ सरस्वती से क्या वरदान माँगता है?

(च) 'दो मित्र' शीर्षक कविता में पंत जी क्या कहना चाहते है? (3×3)

प्रश्न–4: रीतिमुक्त काव्यधारा की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

रीतिबद्ध काव्यधारा की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। (8)

प्रश्न–5: निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दें:–

(क) 'श्रद्धा' कविता प्रसाद जी के किस काव्य से ली गई है?

(ख) 'आँसू' शीर्षक कविता किस कवि की रचना है?

(ग) 'जूही की कली' कहाँ सोई हुई थी?

(घ) 'वाचाल' कविता में पुत्र को कौन सा पक्षी अच्छा नही लगता?

(ड.) 'विषाद' कविता में 'प्रकृति के करुण काव्य सा' किसे कहा गया है?

(च) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के रचियता का नाम क्या है?

(छ) राजन किस प्रकार का व्यक्ति है?

(ज) मिसेज राठौर की कोई दो चारित्रिक विशेषताएं लिखें।

(झ) गयादत्त किसकी हत्या करता है?

(ञ) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक का प्रकाशन किस वर्ष मे हुआ था?

(ट) रीतिकाल को श्रृंगारकाल किसने कहा?

(ठ) रीतिकाल का सीमा–निर्धारण क्या है?

(ड) कविवर बिहारी किस राजा के आश्रित कवि थे?

(ढ़) रीतिबद्ध दो कवियों के नाम लिखिए।

(ण) घनानंद की प्रेमिका का क्या नाम था? (10×1)

प्रश्न–6: नाटक के वर्गीकरण पर प्रकाश डालिए।

अथवा

नाटक के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालिए। (7)

प्रश्न–7: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें:–

(क) किन्हीं तीन शब्द युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए:–

गृह–ग्रह, कर्म–क्रम, अनल–अनिल, अलि–अली।

(ख) व्यंजन सन्धि किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखें।

(ग) किन्हीं तीन शब्दों के सन्धि विच्छेद कीजिए:–

हितोपदेश, वधूत्सव, भवन, विद्यालंकार।

(घ) किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध कीजिए:–

(i) उसका प्राण निकल गया।

(ii) वह परिक्षा में प्रथम रहा।

(iii) वह विलाप करके रोने लगी।

(iv) उसे हिन्दी का अच्छा बोध है।

(ङ) विराम चिह्न लगाएं:–

हिटलर मुसोलिनी स्टालियन और माओ की अधिनायकता के समर्थक मजाक उड़ाते हैं लोकतन्त्र का यह कहकर कि वह निन्नावे मूर्खों का एक समझदार पर शासन है और अधिनायकता उसके हाथ नही गिनती उसका मस्तिष्क जांचती है पर सच्चाई यह है कि यह उद्दण्ड शक्ति का एक धुआधार नारा ही है सत्य का उद्घोष नही (3+3+3+3+3)

प्रश्न–8: निम्नांकित में से किन्हीं दस के हिन्दी रूप लिखें:–

(i) Civil
(ii) Custody
(iii) Defaulter
(iv) Design
(v) Audit
(vi) Cabinet
(vii) Ban
(viii) Enquiry
(ix) Ledger
(x) Manager
(xi) Incentive
(xii) Motion
(xiii) Public
(xiv) Vacancy
(xv) Tender (10)

-*-*-*-